**Dainik Bhaskar (Indore), 25th August 2022, Page - 04**

# IIT की ई-समिट में सुनिए छह यंग आंत्रप्रेन्योर्स को

## 26 से 28 अगस्त तक होगा ई-समिट

सिटी रिपोर्टर. इंदौर

आईआईटी इंदौर में 26 से 28 अगस्त तक ई-समिट होगी और इसमें छह ऐसे आंत्रप्रेन्योर स्टूडेंट्स से रूबरू होंगे जिन्होंने बेसिक चीज़ों को अपने यूनीक आइडिया से खास बनाया है। ये हैं अपनी कक्षा के अमन धतरवाल, फिडी पे के मनन दीक्षित, द टी फैक्ट्री के शशांक शर्मा, गीक्स फॉर गीक्स के संदीप जैन, सुपरसोर्सिंग के मयंक प्रताप और न्यूज़ एरा के श्रेय शर्मा। ये सभी फाउंडर्स 28 अगस्त को समिट के मंच पर आएंगे। बाकी दो दिन हैकेथॉन और आईपीएल क्विज़ जैसी एक्टिविटीज़ होंगी।

**ऐसे कराएं रजिस्ट्रेशन :** 28 को होने वाली एक्सपर्ट टॉक में आप भी शामिल हो सकते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा जो मोब. नंबर 8529346021 पर कराया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन 26 की शाम तक कराए जा सकेंगे।



अमन



मनन



संदीप जैन



मयंक प्रताप



शशांक शर्मा



श्रेय शर्मा